
**Nai Dunia (Indore), 3rd November 2020, Page-16 (Front Page-4)**

# आइआइटी इंदौर करेगा महिला उद्यमियों को आगे बढ़ाने में मदद




**इंदौर (नईदुनिया प्रतिनिधि)।** इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आइआइटी) इंदौर शहर की महिला उद्यमियों को बेहतर स्थिति में लाने के लिए मदद करेगा। रिसर्च, इनोवेशन, प्रोडक्ट डिजाइन, फंडिंग, मार्केटिंग, सेल्स, लीगल में पूरी मदद करेगा। यहीं नहीं बजट और टैक्स के मामलों को समझाने में भी आइआइटी में स्थित इनक्यूबेशन केंद्र सहायक बनेगा। फिक्की फ्लो इंदौर ने संस्थान के साथ समझौता किया है। इसके तहत आइआइटी इंदौर सभी सुविधाएं देगा। फिक्की फ्लो से देशभर में आठ हजार से ज्यादा महिलाएं सदस्य जुड़ी हैं। इंदौर में करीब 250 सदस्य फिक्की के साथ जुड़कर काम कर रही है। समझौते के तहत समय-समय पर वर्कशॉप भी आयोजित होगी। इसमें देश-दुनिया के विषय विशेषज्ञ महिलाओं को बिजनेस करने के तरीके बताएंगे।

**बस, बेहतर बिजनेस आइडिया की है जरूरत :** फिक्की फ्लो इंदौर की चनयरपर्सन रिया छाबड़ा ने बताया कि हम बहुत समय से शहर की उन महिलाओं को मदद करना चाह रहे थे जिनके पास बिजनेस आइडिया तो है लेकिन अन्य सुविधाओं की जरूरत है। हमने इस कमी को महसूस किया और इस बारे में आइआइटी इंदौर से बात की। आइआइटी इंदौर के कार्यवाहक निदेशक प्रो. नीलेश कुमार जैन को हमने प्रस्ताव भेजा और वे मदद करने के लिए तैयार हो गए। आइआइटी जैसे संस्थान के इनक्यूबेशन केंद्र से जुड़ने से महिला सदस्यों को फंडिंग और अन्य सभी सुविधाएं अब मिलना आसान हो जाएगी।

हम इस समय हम कई महिला सदस्यों के बिजनेस आइडिया को समझने की कोशिश कर रहे हैं। बाकी सदस्यों को भी बेहतर आइडिया पर काम करने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं। फिक्की फ्लो इंदौर की इनक्यूबेशन केंद्र की हेड अनुपमा मोदी और सदस्य विभा जैन ने आइआइटी के साथ सभी को जोड़ने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।